तापमान
अधिकतम 25.7 डिग्री
न्यूनतम 6.8 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार,14 फरवरी 2025

मेट्रो : बाधाओं को समय से दूर करें, ताकि कार्य समय पर... 10



बीवी- बच्चों के साथ निगम के गेट पर ताला लगाने का ऐलान 9



## खबर संक्षेप

### गांव गुमड़ में युवक पर हमला कर तोड़ी गाड़ी

**गन्नौर।** गांव गुमड़ में रास्ता रोककर गाड़ी में तोड़फोड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। रोहिणी, दिल्ली में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी विनोद ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में विनोद ने बताया कि वह अपने ताऊ के बेटे नितेश के साथ स्कोर्पियो से गांव लौट रहा था तभी बोलेरो में आए कन्नू, राहुल, रितेश, सुमित और दो अन्य ने उनकी गाड़ी रोकने की कोशिश की। किसी तरह वे बचकर गांव पहुंचे, लेकिन आरोपितों ने पीछा कर गाड़ी रोक ली और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। विनोद पर डंडों से वार करने की कोशिश की गई, लेकिन वह बचकर भाग गया। बीच-बचाव करने आए उसके भाई नवीन को आरोपितों ने डंडों से पीटा और स्कोर्पियोके शीशे तोड़ दिए। हमले के बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खेतों से सोलर की प्लेटें, मोटर व कंट्रोलर चोरी

**खरखौदा।** गोरड गांव के एक खेत से सोलर की प्लेटें, मोटर व कंट्रोलर चोरी हो गए हैं। किसान सुधीर का कहना है कि उसने अपने खेत में 3 किलो वाट का सोलर सेट लगवाया हुआ था। शाम के समय जब वह अपने खेत में गया तो उसका सोलर सेट ठीक-ठाक से लगा हुआ था। लेकिन अगले दिन सुबह जब वह खेत में गया तो सोलर की 5 प्लेटें, मोटर व कंट्रोलर चोरी हो चुके थे। पुलिस ने शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

### दिनदहाड़े पुलिस कर्मी के मकान में चोरी

**गन्नौर।** लल्हेड़ी रोड स्थित एक पुलिस कर्मी के मकान में दिनदहाड़े चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरों ने मुख्य गेट और कमरों के ताले तोड़कर नकदी व कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस कर्मी ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में चोरी मुरथल थाने में कार्यरत नरेश कुमार ने बताया वह मुरथल थाना में कार्यरत है। उनका लल्हेड़ी रोड पर घर है जो दो दिन से बंद था। जब नरेश कुमार घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दरवाजे और कमरों के ताले टूटे हुए थे। जांच करने पर पाया कि चोर दो बड़े पतीले, गैस सिलेंडर, दो इन्वर्टर बैटरी, 50 हजार रुपये नकद और साउंड बुफर चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चुनाव: सोनीपत में नामांकन शून्य, खरखौदा से एक पर्चा दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत नगर निगम के मेयर उपचुनाव और खरखौदा नगरपालिका के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी है। वीरवार को नामांकन प्रक्रिया का दूसरा दिन रहा। जिसके तहत सोनीपत में मेयर उपचुनाव के लिये तो एक भी नामांकन प्राप्त नहीं हुआ। वहीं खरखौदा में एक नामांकन जमा करवाया गया। दूसरी ओर सोनीपत मेयर उपचुनाव के लिये भाजपा और कांग्रेस दोनों ही मंथन के दौर से गुजर रही है। लेकिन जानकारों का कहना है कि भाजपा की टिकट की घोषणा होने के उपरांत ही कांग्रेस घोषणा करेगी। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि देर रात या फिर शुक्रवार को भाजपा अपने प्रत्याशी की घोषणा कर सकती है। जबकि कांग्रेस की ओर से शनिवार या रविवार को प्रत्याशी घोषित किया जा सकता है। मेयर उप चुनाव को लेकर नगर निगम कार्यालय में वीरवार को किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया। वहीं, नौ लोग नामांकन के लिए आवेदन पत्र लेकर गए। अब तक नगर निगम कार्यालय से 14 लोग नामांकन के लिए आवेदन पत्र ले जा चुके है। इनमें से अब तक एक उम्मीदवार ने नामांकन किया है।





### भाजपा में शांत बैठ गए दावेदार

मेयर उपचुनाव को लेकर जोर आजमाइश का दौर थम चुका है। विशेषतौर पर भाजपा में खुद को टिकट का दावेदार बता रहे नेताओं ने दौड़भाग छोड़ दी है। ये सभी दावेदार फिलहाल शांत बैठ गए हैं। चर्चा है कि इस बार भाजपा की ओर से वैश्य या पंजाबी समुदाय में से एक समुदाय को टिकट दी जा सकती है। आला कमान ने एक नाम को फाइनल कर लिफाफा बंद कर दिया गया है। जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री के स्वदेश लौटने के बाद संभव है।

### कांग्रेस में भी नाम फाइनल, भाजपा का इंतजार

चर्चा है कि कांग्रेस ने भी अपने प्रत्याशी का नाम लगभग फाइनल कर लिया है। अब बस भाजपा के प्रत्याशी का इंतजार किया जा रहा है। क्योंकि भाजपा के प्रत्याशी के खिलाफ कांग्रेस भाजपा के ही सबसे बड़े हथियार को चलाना चाहती है। भाजपा के सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को तोड़ने के लिये कांग्रेस पूरे प्रयास में है। इसी वजह से अगर भाजपा वैश्य समुदाय से टिकट देती है तो कांग्रेस पंजाबी समुदाय के नेता को मैदान में उतार सकती है और ऐसा होना लगभग फाइनल ही बताया जा रहा है।

**खास बातें**

- मेयर के लिए नामांकन जमा हुए शून्य, 9 और ने लिए फार्म
- भाजपा प्रत्याशी का नाम लिफाफे में बंद, कांग्रेस कर रही है भाजपा प्रत्याशी की घोषणा का इंतजार

## अब तक केवल एक नामांकन आया, पंचायतों का दौर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

नगरपालिका चुनाव की नामांकन प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अभी तक चेयरमैन पद के लिए कोई नामांकन पत्र जमा नहीं किया गया है। जबकि पार्षद के पदों पर सर्वसम्मति बनाने के लिए पंचायतों का दौर जारी है।

### वार्ड 12 में पंचायत को मिली सफलता

वार्ड संख्या 12 बीसी बी महिला के लिए आरक्षित है। जिसमें पार्षद के नाम पर आम सहमति बनाने के लिए पंचायत की गई। जिसमें दो दावेदारों नूतन देवी व पूनम के नाम उभरकर सामने आए। पंचायत ने दोनों पर ही फैसला छोड़ दिया कि वे आपस में सहमति बना लें। दोनों ने अलग जाकर विचार विनिमय किया। फिर पूनम देवी के नाम पर सहमति बन गई। पंचायत ने दोनों के फैसले को सर्वमान्य मानते हुए पंचायती उम्मीदवार के रूप में पूनम पत्नी सीताराम के नाम की घोषणा कर दी।



खसमर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल करते अजय राठौर।

### अजय राठौर ने वार्ड 3 से किया नामांकन

गुरुवार को वार्ड 3 से अजय राठौर पुत्र रोशनलाल ने अपना नामांकन पत्र जमा कराया। अजय राठौर ने पिछला चुनाव भी इसी वार्ड से लड़ा था। जिसमें वे कमला देवी से मात्र 11 वोटों से हार गए थे। इस बार उन्होंने फिर से दावेदारी पेश की है और सबसे पहले नामांकन किया है। उनका कहना है कि बेशक वे चुनाव हार गए थे, इसके बावजूद वे जनता के बीच में रहे हैं। जिससे उन्हें इस बार जीत की पूरी उम्मीद है। नगरपालिका चुनाव की नामांकन प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अभी तक चेयरमैन पद के लिए कोई नामांकन पत्र जमा नहीं किया गया है।

### 16 को अवकाश

नामांकन प्रक्रिया 17 फरवरी तक चलेगी। (16 फरवरी को अवकाश रहेगा)। नामांकन पत्रों की जांच 18 को होगी। जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 19 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है।

एसडीएम डॉ. निर्मल ना

## अफसरों को कर्मचारियों की अनुपस्थिति व कचरा प्रबंधन में गड़बडियां मिली

# कुंडली नगरपालिका में सीएम फ्लाइंग की छापेमारी से हड़कंप

### कुंडली क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

सीएम फ्लाइंग की टीम ने वीरवार के कुंडली नगरपालिका में सीएम फ्लाइंग की छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कई कमियां मिली हैं। सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति व कचरा प्रबंधन में गड़बडियां मिली। जहां कुंडली नगरपालिका में 13 कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए और 21 कर्मचारी मौजूद पाए गए। कौशल रोजगार कर्मी आशीष, सफाई कर्मचारी मनोज, रवि, राजेश बिना सूचना के गैर हाजिर मिले। नियमित कर्मचारी गौरव अवकाश पर मिला। टीम ने जांच के दौरान पाया कि कुंडली नगर पालिका दारा 16 वाहन और 31 कमंचारी कचरा संयहण के लिए तैनात किए गए थे, जांच करने पर केवल 11 वाहन और 18 कर्मचारी डयूटी पर मिले। 9 वाहनों का जीपीएस चरलू था। 2 वाहनों का जीपीएस बंद पाया गया। ट्रैक्टर भी बिना जीपीएस के मिला। टीम ने जांच में पाया कि कुंडली नगर पालिका में फर्म संत इंद्रमणि इंटरप्राइजेज द्वारा नगर पालिका क्षेत्र से उठाया गया कचरा सिंधु बॉर्डर के पास स्थित सेग्रीगेशन साइट पर डंप किया जा रहा था। मौके पर देखा गया कि लेबरों द्वारा काफी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ, जैसे पन्नी, कागज और गत्ता एकत्र किया जा रहा था। यदि इनमें आग लगती है, तो स्थानीय लोगों और छोटे बच्चों को गंभीर खतरा हो सकता। कुल मिलाकर टीम को जांच में सफाई व्यवस्था बदहाल मिली। जांच टीम का कहना था कि छापेमारी की रिपोर्ट तैयार करके उच्च अधिकारियों को भेज दी जाएगी।



राई। सीएम फ्लाइंग की टीम कार्यालय व मौके पर जांच करते हुए।

### कही फूटेज में गाड़ी मिली तो कही गाड़ी में कूड़ा नहीं

जांच में पाया गया कि धर्म काटे से कटी हुई पर्ची व सीसीटीवी फूटेज का 11, 12,13 फरवरी को मिलाना किया तो 11 फरवरी को गाड़ी नम्बर एचआर10के-6154 खाली की वीडियों मिली लेकिन भरी हुई गाड़ी की वीडियों नही मिली। इस गाड़ी में 5100 किलों वजन की पर्ची मिली, परन्तु फुटेज ने मिली। सफाई व्यवस्था क्षेत्र में पूरी तरह से खराब मिली।



खरखौदा। सफाई कर्मियों की रॉल काल करते हुए सीएम फ्लाइंग टीम।

### छापेमारी में सफाई कार्य से जुड़े रिकॉर्ड की सघन जांच के दौरान अनेक खामियां हुई उजागर

**खरखौदा।** नगर पालिका कार्यालय में गुरुवार सुबह सीएम फ्लाइंग टीम ने छापा मारा और सफाई कार्य से जुड़े रिकॉर्ड की गहनता से जांच शुरू की। इस अभियान का नेतृत्व एसआई राज सिंह कर रहे हैं। टीम ने नगर पालिका के कागजी रिकॉर्ड की जांच के साथ-साथ शहर में सफाई व्यवस्था का भी आकलन किया। सीएम फ्लाइंग की टीम ने नपा कार्यालय में सफाई ठेकों, कचरा निस्तारण और वाहनों की आवाजाही से जुड़े दस्तावेज खंगाले। इसके अलावा, टीम ने शहर के डंपिंग प्वाइंट का निरीक्षण कर यह जांच की कि कितनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां रोजाना कचरा उठा रही हैं और सफाई का स्तर क्या है। टीम पूरे दिन से जांच में जुटी रही और कई महत्वपूर्ण फाइलों को खंगाला गया। टीम की जांच में सामने आया कि तय नियमों के तहत ठेकेदार द्वारा जितने कर्मचारियों के काम पर लगाया जाना था नहीं लगाए गए हैं, 31 के स्थान पर मौके पर 21 कर्मचारी ही काम करते मिले। इसके साथ ही कूड़ा केंद्र पर मशीन भी काम करती हुई नहीं मिली, जांच करने पर पाया गया कि यह तीन महीने से खराब है। इसके साथ ही टीम ने पाया कि कूड़ा उठाकर लाने पर धर्मकांटे पर तुलाई के दौरान नपा की तरफ से कोई कर्मचारी तैनात नहीं किया गया है।

## पत्नी को छत से फेंकने वाले पति को पांच साल की कैद

- दो साल पुराना है मामला, अदालत ने 8 हजार का जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दो साल पहले गांव नाथूपुर में पत्नी को छत से फेंककर जानलेवा हमला करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल की अदालत ने दोषी पति को पांच साल कैद व आठ हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर आठ माह अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी।

गांव नाथूपुर निवासी शोभा 25 फरवरी, 2023 को कुंडली थाना पुलिस को बताया था कि उनकी शादी करीब 10 साल पहले विकास के साथ हुई थी। विकास शराब पीने का आदी है। वह अक्सर उनके साथ झगड़ा करता रहता है। महिला ने बताया था कि एक दिन पहले दोपहर 12 बजे वह शराब के नशे में घर पहुंचा था। उसके साथ मारपीट करने लगा था। उसने मारपीट से रोका तो उसे छत से नीचे फेंक दिया था। घायल अवस्था में पड़ोसी उसे सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल, नरेला दिल्ली में लेकर पहुंचे थे। जहां उन्होंने अपना उपचार करवाया था। बाद में दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया था। पुलिस ने मामले में हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया था। महिला के पैर में फ्रैक्चर व हाथ में गुम चोट लगी थी।

## वन्य जीवों के शिकार व अवैध व्यापार का आरोपित पुलिस ने दबोचा

**सोनीपत।** वन विभाग की टीम ने वन्य जीवों के शिकार व अवैध व्यापार के आरोपित को गांव अकबरपुर बारोटा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अकबरपुर बारोटा निवासी निवासी है। सूचना पर महाराष्ट्र से पहुंची वन विभाग की टीम ने आरोपित को अदालत में पेश किया और दो दिन के ट्रांजिट रिमांड पर लेकर महाराष्ट्र रवाना हो गई। जहां पर पहले से आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपित गिरोह की एक अहम कड़ी है, जिसके तार अन्य राज्यों से भी जुड़े हो सकते हैं। वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो दिल्ली व राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की तरफ से सूचना दी गई थी गांव अकबरपुर बरोटा में वन्य जीवों के शिकार व अवैध व्यापार करने का आरोपित है। आरोपित की गिरफ्तार के लिए वन विभाग से मदद मांगी गई। जिस पर भारतीय वन सेवा अधिकारी रेणु बाला ने टीम गठित की। जिसमें उप-वन राजिक अध्यक्ष नरेश कुमार, वन दरोगा विशाल वनरक्षक अरुण, विजय व वाहन चालक मांगेराम को नियुक्त किया गया। टीम ने वन्य अपराध ब्यूरो के सदस्यों के साथ आरोपित को पकडने के लिए योजना बनाई और टीम को दो हिस्सों में बांट दिया। टीम ने पहले रेकी की, आरोपित की लोकेशन सही पाए जाने पर दोनों टीमों ने आरोपित को काबू किया।

## सचिव के लिए दो, खजांची के लिए एक नामांकन

- जिला बार एसोसिएशन के चुनावों की प्रक्रिया शुरू
- जिला बार एसोसिएशन का चुनाव 22 फरवरी को कराया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला बार एसोसिएशन के चुनावों की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन के पहले दिन सचिव पद पर दो व खंजाची पद पर एक नामांकन भरा गया। जिला बार एसोसिएशन का चुनाव 22 फरवरी को कराया जाएगा।

सोनीपत बार एसोसिएशन चुनाव के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता पवन दहिया चुनाव अधिकारी बनाए गए हैं। वह इससे पहले दो बार गुरुग्राम बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी रह चुके हैं। उनके साथ इंद्रजीत खोखर, वीरेंद्र नैन, विकास कुंडू, गौरव शर्मा व कुलभूषण चौधरी सहायक चुनाव अधिकारी हैं। जिला बार एसोसिएशन का चुनाव लड़ने के लिए अब प्रधान पद के लिए 25 हजार रुपये, उप प्रधान व सचिव का चुनाव लड़ने वाले को 15-15 हजार रुपये व खंजाची और संयुक्त सचिव का चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार को आठ-आठ हजार रुपये सिक्योरिटी राशि जमा करानी होगी।

### शुक्रवार दोपहर बाद 3 बजे तक नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी

चुनावी प्रक्रिया शुरू करवा दी गई है। पहले दिन बार एसोसिएशन के सचिव पद के लिए दो व खंजाची पद के लिए एक नामांकन आया है। शुक्रवार दोपहर बाद 3 बजे तक नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी। चुनाव से जुड़े सभी कार्य निष्पक्ष रूप से करवाए जाएंगे।

पवन दहिया, चुनाव अधिकारी, बार एसोसिएशन सोनीपत

### पहले दिन मैदान में आए यह उम्मीदवार

सचिव पद : रजनीश मलिक व रविंद्र शर्मा
**खजांची पद** : प्रदीप सैनी
**पहले दिन:** प्रधान, उप प्रधान व संयुक्त सचिव पद के लिए कोई नामांकन नहीं आया।

### यह है चुनावी शेड्यूल

**नामांकन** : 14 फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक
**नामांकन वापसी** : 17 फरवरी को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक
**छंटनी** : 17 फरवरी को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक
**मतदान** : 22 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक
**मतगणना** : 22 फरवरी को शाम 4 बजे के बाद

## दिल्ली से लाते थे युवतियां, देह व्यापार के लिए करते थे मजबूर

- गांव कुराड़ के पास स्पा सेंटर में देह व्यापार का हुआ खुलासा, अनैतिक तस्करी की धारा जोड़ी
- दिल्ली से युवतियां भेजने वालों का पता लगा रही है सोनीपत पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव कुराड़ के पास स्पा सेंटर में देह व्यापार के मामले में नया खुलासा हुआ है। पुलिस की जांच में पता चला है कि स्पा सेंटर पर देह व्यापार के लिये युवतियों और महिलाओं को दिल्ली से लाया जाता था। सेंटर में लाकर इन युवतियों और महिलाओं को देह व्यापार के लिये मजबूर किया जाता था। इस खुलासे के बाद पुलिस ने इस मामले में अनैतिक तस्करी की धारा को भी जोड़ दिया है। जिसके बाद से पुलिस अब दिल्ली से युवती व महिलाएं भेजने वालों का भी पता लगाने के कोशिश कर रही है। एसीपी अजीत सिंह ने 7 फरवरी को बताया था कि पुलिस उपायुक्त कार्यालय में शिकायत आई थी कि कुराड़ 51 माइल स्टोन स्थित भवन की तीसरी मंजिल पर दा रेबॉर्न स्पा में देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है। जिस पर रात को एएसआई किशोर को बोगस ग्राहक बनाकर भेजा गया था। उसके बाद उनके साथ मुरथल थाना प्रभारी राजीव कुमार, एसआई बबली व अन्य की टीम ने छापा डाला गया था। टीम ने स्पा सेंटर के अंदर संचालक सोनीपत निवासी निवासी अतिशय जैन मिला था। उसको साथ लेकर जांच की तो एक कमरे में युवक-युवती आपत्तिजनक कपड़ों में मिले थे। तीन अन्य युवती भी अलग कमरे में बैठी मिली थी। युवतियों को पुलिस ने संरक्षण में लिया था। उनमें दो युवती थाईलैंड की मिली थी। पुलिस ने मामले में अनैतिक तस्करी की धारा जोड़ दी थी। पुलिस जांच में सामने आया था कि चारों युवतियों को दिल्ली से भेजा जाता था। अब पुलिस दिल्ली से युवतियों को भेजने वाले का पता लगाएगी।

### प्रति ग्राहक 500 रुपये दिए जाते थे

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवतियों और महिलाओं को देह व्यापार के लिये मजबूर किया जाता था। यहां आने वाले ग्राहक से संचालक तो डेढ़ हजार रुपये तक लेते थे, लेकिन इन युवतियां व महिलाओं को 500 रुपये प्रति ग्राहक दिए जाते थे। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि मजबूरी के चलते ही युवतियां व महिलाएं यहां आती थी।

### पकड़ी जा चुकी हैं विदेशी युवतियां भी

स्पा सेंटर में देह व्यापार का मामला पहला नहीं है। इससे पहले भी इस तरह के कई मामले पकड़ में आ चुके हैं। जुलाई 2021 में तो सीएम फ्लाइंग की टीम ने भी इस मामलो में छापा मारा था। उस समय हैप्पी, राजा और होटल वेस्ट इन ढाबों पर छापा मारकर 12 युवतियों व महिलाओं को पकड़ा गया था। जिनमें से तीन युवतियां विदेशी थी। ये लड़कियां भी दिल्ली से आई थी।

### होगी सख्त कार्रवाई

शुरूआती पूछताछ में पता चला है कि स्पा सेंटर में देह व्यापार के लिए युवतियां दिल्ली से लाई जाती थी। देह व्यापार सहन नहीं किया जाएगा। मामले में ठोस कार्रवाई की जा रही है।

अजीत सिंह, एसीपी मुरथल

## राजकीय महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली

**गोहाना।** राजकीय महाविद्यालय, बड़ौता के स्वयंसेवकों ने गुरुवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता रैली निकाली। रैली गांव बड़ौता की गलियों में निकाली गई जिसमें विद्यार्थियों ने बेटा-बेटी एक समान, यह तो है घर की शान का नारा लगाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बहनें ब्रह्मकुमारी कशिका, ब्रह्मकुमारी साक्षी, ब्रह्मकुमारी तन्वी, ब्रह्मकुमार मोहिंद्र व ब्रह्मकुमार अमरजीत रहे। संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी साहिल सभरवाल का रहा।

# निर्बाध पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन के लिए चार प्रस्ताव पास

- नगर निगम कार्यालय में हुई वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक
- 12 मार्च को मतगणना के उपरांत शुरू की जाएगी टेंडर प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम कार्यालय में वीरवार को वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक हुई। जिसमें पेयजल आपूर्ति का मामला छाया रहा। शहर के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र में पानी की निर्बाध आपूर्ति के लिये प्रस्ताव पास किए गए। इसके अलावा सीवर के टेंडर को लेकर भी प्रस्ताव पास किए गए। इन चार प्रस्तावों के जरिये शहर में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने और सीवर लाइन को लेकर काम होगा। हालांकि काम को लेकर टेंडर चुनावों की वजह से लगी आचार संहिता खत्म होने के बाद लगाए जाएंगे।

बता दें कि शहर के पूर्वी क्षेत्र में 65 संविदा पंप ऑपरेटर्स कार्यरत है। उन्होंने वेतन की मांग को लेकर 20 व 21 जनवरी को हड़ताल की थी। इसके चलते 12 बूस्टिंग स्टेशन व 70 ट्यूबवेल दिनभर बंद हो गए थे। पानी आपूर्ति ठप होने के कारण करीब डेढ़ लाख लोगों को परेशानी हुई थी। पूर्वी क्षेत्र में पानी आपूर्ति का टेंडर अक्तूबर 2024 में खत्म हो गया था। वहीं, पश्चिमी क्षेत्र में पानी आपूर्ति के लिए जल्द टेंडर खत्म होने वाला है। लोगों को भविष्य में परेशानी का सामना न करना पड़े। इसको लेकर चुनाव आचार संहिता हटने के बाद जल्द टेंडर लगाया जाएगा। इस टेंडर में निगम के 20 वार्ड के अंतर्गत आने वाले ट्यूबवेल पाइपलाइन के रखरखाव और मरम्मत का काम शामिल रहेगा। निगम ने अपनी शर्तों में सभी पंप चेंबर के ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस, डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम, ट्यूबवेल और पंपिंग मशीन को भी शामिल किया है। इसके अलावा गांव जाजल से महाराणा प्रताप चौक तक लाइन व वाल्व की देखरेख के लिए टेंडर लगाने की मंजूरी दी गई।

### स्ट्रीट लाइटों के लिये 1.25 करोड़ का प्रस्ताव मंजूर

विभिन्न कॉलोनियों में जल्द 10 हजार स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। यह स्ट्रीट लाइटें वार्ड पार्षदों की सहमति के बाद वार्ड अनुसार लगाई जाएगी। स्ट्रीट लाइटें लगाए जाने से कॉलोनियों में रह रहे लोगों को फायदा होगा। शहर में पहले मैनुअल स्ट्रीट लाइट जलाई और बुझाई जाती थीं। अब स्ट्रीट लाइट स्वतः चालू और बंद होंगी। इसके लिए सेंट्रलाइज कंट्रोल एंड मॉनिटरिंग सिस्टम (सीसीएमएस) से स्ट्रीट लाइट को लैस किया जाएगा। इसके लिए 4 करोड़ रुपये का प्रस्ताव 9 जनवरी को हुई बैठक के दौरान मंजूर कर लिया गया था। अब इसके सामान की खरीद के लिए 1.25 रुपये के प्रस्ताव को मंजूर किया है। बैठक में सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर, पार्षद सरेंद्र मदान व सुरेंद्र नैय्यर भी मौजूद रहे।

टेक्नो-नॉलेज / शिखर चंद जैन

हर बच्चे को गेम्स खेलने में मजा आता है। कितना अच्छा हो, अगर स्कूल के क्लासरूम में भी पढ़ाई के बजाय कोई गेम खेलने को कहा जाए और इसी के साथ-साथ खेल में स्टडी-लर्निंग भी हो जाए। सोचकर देखो, कितना मजा आएगा! ऐसा हो सकता है, 'गेमिफिकेशन' के जरिए। जानो, गेमिफिकेशन के बारे में।

# गेमिफिकेशन खेल-खेल में स्टडी



बच्चों, कितना मजा आए, अगर तुम्हें क्लास में किताबें खोलकर लेसन पढ़ने या टीचर का लेक्चर सुनने की बजाय पजल सॉल्व करने, कोड, डिकोड करने और गेम खेलकर कोई टारगेट अचीव करने का टास्क दिया जाए। तुम सोच रहे होगे, यह कैसे संभव है, यह तो कोरी कल्पना है। भला स्कूल में गेम कैसे खेल सकते हैं? ऐसा हुआ तो सिलेबस कैसे कंप्लीट होगा? डोंट वरी बच्चों, अब लर्निंग और टीचिंग का नया कॉन्सेप्ट आ चुका है- गेमीफिकेशन। इससे करिकुलम में गेम एलिमेंट डालकर क्लासरूम को इंटरेस्टिंग और एक्साइटिंग बनाया जा रहा है। बच्चों, जानो इस बारे में।

### क्या है गेमिफिकेशन

एजुकेशन फील्ड में गेमिफिकेशन एक बहुत बड़ा कदम है। शिक्षाविदों और वैज्ञानिकों ने मिलकर इसके माध्यम से बच्चों में क्रिएटिविटी बूस्ट करने, उन्हें मोटिवेट करने और सीखने के लिए प्रेरित करने वाला काम किया है। बच्चों, गेमिफिकेशन को किसी वीडियो गेम की तरह डिजाइन किया गया है। इसमें तुम बड़े ही मजेदार ढंग से खेल-खेल में नई और ज्ञानवर्धक बातें सीख सकते हो।

### कैसे प्रचलन में आया गेमिफिकेशन टर्म

ब्रिटिश कंप्यूटर प्रोग्रामर और आविष्कारक निक पेलिंग ने 2002 में 'गेमिफिकेशन' शब्द गढ़ा था। उस समय वे कमर्शियल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के लिए गेम जैसे इंटरफेस तैयार कर रहे थे। साल 2010 में इस शब्द को व्यापक रूप से अपनाया गया। पेलिंग ने उद्योग, व्यापार और शिक्षा के लिए उपकरण के रूप में इन-गेम मैकेनिक्स की क्षमता और व्यावहारिकता को देखा। जैसे-जैसे 'गेमिफिकेशन' लोकप्रिय होता गया, इसके अनेक उपयोगों को रेखांकित करने वाले आर्टिकल्स पब्लिश होने लगे। इसके बाद इसे अलग-अलग क्षेत्रों में अपनाया जाने लगा।



### इंटरेस्टिंग लर्निंग प्रोसेस

गेमिफिकेशन के माध्यम से लर्निंग का प्रोसेस इतना इंटरेस्टिंग होता है कि तुम इसमें पूरी तरह इन्वॉल्व हो जाओगे। हर स्टेप को कंप्लीट करने के बाद जब तुम्हें रिवॉर्ड्स और प्वॉइंट्स मिलेंगे, तो तुममें सीखने का नया जोश आएगा। गेमिफिकेशन के माध्यम से साइंस, मैथ्स जैसे कठिन विषयों को तुम आसानी से समझ सकोगे।

### आएगा होमवर्क करने में भी मजा

अकसर बच्चों को होमवर्क करना बोरिंग लगता है। लेकिन गेमिफिकेशन के माध्यम से होमवर्क भी इंटरेस्टिंग लगने लगता है। स्कूल से मिला हुआ टास्क तुम्हारे लिए एडवेंचरस गेम बन जाता है। गेमिफिकेशन के दौरान अगर तुम कोई स्टेज चूक जाते हो या किसी प्रॉब्लम को सॉल्व नहीं कर पाते, तो तुम्हें अपनी गलती के बारे में बताया जाता है। आगे अपना टास्क कंप्लीट करने के लिए गाइड भी किया जाता है। यह कंप्लीट प्रोसेस बहुत ही रोचक और ज्ञानवर्धक होता है।

### डेवलप होते हैं ये स्किल्स

गेमिफिकेशन के अंतर्गत क्लासरूम या घर में टास्क या पजल्स सॉल्व करते समय या फिर कोड को डिकोड करते समय तुम्हें दिमाग पर जोर डालना पड़ता है। इससे तुम्हें क्रिटिकल और शार्प थिंकिंग की ट्रेनिंग मिलती है। दोस्तों के साथ गेम खेलते हुए सीखना तुम्हारे मन में कॉम्पिटिशन का भाव जगाता है। इससे तुम्हें जीतने की प्रेरणा मिलती है। गेमिफिकेशन के अंतर्गत कुछ गेम्स, तुम्हें खेलने का तरीका चुनने की आजादी देते हैं। इससे तुम अपने तरीके से गेम खेल सकते हो और सीख सकते हो। गेमिफिकेशन में तुम्हें जीतने के कई प्रयास करने की छूट मिलती है, इसे तुम तब तक खेल सकते हो, जब तक कि जीत न जाओ। इसमें जीतने के बाद तुम्हारा कॉन्फिडेंस बूस्ट होता है। *

### गेमिफिकेशन के पांच फायदे

**बच्चों, गेमिफिकेशन** के मुख्य रूप से पांच फायदे हैं। इनके बारे में भी तुम्हें जानना चाहिए-



**सेल्फ असेसमेंट:** गेमिफिकेशन के जरिए तुम्हें अपनी प्रोग्रेस पर नजर रखने में मदद मिलती है। किसी कारणवश अगर तुम इसे बीच में डिस्कंटीन्यू भी कर देते हो, तो दोबारा लॉग इन करते ही तुम्हारा टास्क या गेम वहीं से शुरू हो जाता है, जहां तुमने इसे छोड़ा था।

**इंटर एक्टिविटी:** गेमिफिकेशन के दौरान स्टूडेंट्स आपस में डिस्कसन करते हैं। साथ ही पार्टिसिपेंट्स सिस्टम के साथ भी संवाद कर सकते हैं और दी गई जानकारी का उपयोग टारगेट अचीव करने में कर सकते हैं।


**इमर्शन:** आजकल 3 डी गेमिंग काफी पॉपुलर है। इस गेम को खेलने वाला कंटेस्टेंट या स्टूडेंट पूरी तरह से गेम में डूब जाता है, और खुद को एक अलग ही दुनिया में पाता है, जहां सिर्फ एंटरटेनमेंट और लर्निंग का ही माहौल होता है।

**कॉम्पिटिशन:** गेमिफिकेशन से परस्पर कॉम्पिटिशन की भावना जागृत होती है। जब कोई कंटेस्टेंट ज्यादा रिवॉर्ड और बैज हासिल करता है, तो अन्य कंटेस्टेंट्स के मन में भी कड़ी मेहनत करने की इच्छा होती है।

**फोकस:** गेमिफिकेशन एक इंटरेस्टिंग एक्टिविटी है। इसमें तुम बोर नहीं होते और न ही तुम्हारा ध्यान इधर-उधर भटकता है। इससे तुम्हारा कंसंट्रेशन लेवल बढ़ता है।

इंटरेस्टिंग इंफॉर्मेशन / नयनतारा

बच्चों, एक समय तक समुद्र या नदी की गहराइयों में इंसान का जाना आसान नहीं होता था। लेकिन एक्वालंग के आविष्कार के बाद पानी की गइराई में जाना आसान हो गया। जानो, क्या होता है एक्वालंग? इसका आविष्कार कब, किसने किया और यह कैसे काम करता है?



# एक्वालंग से आसान हुई अंडर वाटर एक्टिविटी

बच्चों, इंसान हमेशा से ही पानी के भीतर की दुनिया के बारे में जानने को जिज्ञासु रहा है। लेकिन कुछ दशक पहले तक पानी के भीतर जाना आसान नहीं होता था। पानी के भीतर घटता-बढ़ता दबाव एक बड़ी समस्या थी। पानी के अंदर मूवमेंट करना भी बहुत मुश्किल था। इन सबसे भी बड़ी समस्या यह थी कि पानी के अंदर सांस लेने के लिए हवा कैसे मिले? इस समस्या से निपटने के लिए एक्वालंग का आविष्कार किया गया। इस आविष्कार के बाद पानी के भीतर जाना काफी आसान हो गया। एक्वालंग का आविष्कार कैप्टन जैक-य्वेस कौस्तेयू और एमिले गैगनन ने 1943 में किया था। एक्वालंग की वजह से अंडरवाटर वर्ल्ड के सारे रहस्य खुल गए।



**पहले ऐसे होती थी अंडर-वाटर एक्टिविटी:** बच्चों, एक्वालंग के आविष्कार से पहले भी लोग अंडर वाटर एक्टिविटीज करते थे। लेकिन ऐसा करना बहुत ही मुश्किल होता था। तब एयर सप्लाई के साथ कुछ प्रशिक्षित व्यक्ति ही डाइव करते थे, वह भी जटिल, वजनी डीप-सी सुइट्स और हेल्मेट्स के साथ। इनमें हाई-प्रेशर एयर लाइंस होती थीं, जो सतह से जुड़ी होती थीं। इतने सारे जटिल इक्विपमेंट्स के साथ डाइविंग बहुत मुश्किल होता था।

**क्या होता है एक्वालंग:** एक्वालंग एक ऐसा इक्विपमेंट है, जो पानी के अंदर की गतिविधियों को आसान बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह पहले इस्तेमाल किए जा रहे भारी-भरकम इक्विपमेंट की तुलना में कॉम्पैक्ट और पोर्टेबल होता है। जिससे अंडर वाटर एक्टिविटीज में इसका इस्तेमाल करना काफी आसान है।


**कैसे काम करता है एक्वालंग:** डाइविंग से पहले, डाइवर्स की कमर पर एक हाई-प्रेशर सिलिंडर स्ट्रैप कर दिया जाता है, जिससे उन्हें नियमित एयर सप्लाई मिलती रहती है। एयर सिलिंडर से डिमांड रेग्युलेटर जुड़ा होता है, जो सांस लेने वाली हवा को उसी प्रेशर का कर देता है, जो आस-पास के पानी का प्रेशर होता है। इसे एडजस्ट करने के लिए वॉल्व नहीं होते हैं। डाइवर को सिर्फ सांस लेनी होती है। गहराई चाहे जितनी हो एक्वालंग से एकदम सही प्रेशर मिलता है। इससे सांस लेना उतना ही ऑटोमेटिक और नेचुरल हो जाता है, जितना कि जमीन पर होता है।

एक्वालंग के आविष्कार के बाद स्कूबा डाइविंग तेजी से पूरी दुनिया में पॉपुलर हो गई और डाइविंग को आसान बनाने के लिए एक्वालंग के अलावा कई अन्य उपकरण भी बनाए जाने लगे। *

तुम्हारे लिए नई किताब

# सबक सिखाती ईरानी कहानियां

बच्चों, जैसे तुमको अपने दादा-दादी, नाना-नानी से प्यारी-प्यारी कहानियां सुनना या स्टोरी बुक्स से कहानियां पढ़ना अच्छा लगता है, वैसे ही दुनिया भर के अन्य देशों के बच्चे भी बड़े चाव से कहानियां पढ़ते-सुनते हैं। कुछ समय पहले ही एक नई किताब 'ईरानी बच्चों की कहानियां' छपकर आई है। इसमें तुम ईरान देश में रहने वाले बच्चों के बीच लोकप्रिय चौदह कहानियों का हिंदी अनुवाद पढ़ सकते हो। इन कहानियों में तुमको अपने जैसे नटखट, समझदार बच्चों समेत बकरी, डॉगी, डंकी, हाथी, भेड़िए आदि की कहानियां भी पढ़ने को मिलेंगी। 'बकरी का बच्चा' एक बहादुर लेकिन नासमझ बकरी के बच्चे की कहानी है, जिसे मुसीबत में फंसने पर अपनी गलती का अहसास होता है। 'आजादी' कहानी में गुलाम रहने की तकलीफ और आजादी से अपना जीवन जीने की महत्ता को एक जंगली डॉगी की कहानी के जरिए बताया गया है। इसी तरह 'चोर और संत' कहानी बताती है कि जो लोग सज्जन होते हैं, मुसीबत में उनकी मदद को सभी तैयार रहते हैं। 'किस्सा घड़ी की सुई का', 'हवा और पतंग', 'सींग की तलाश' कहानियां भी तुम्हें अच्छी लगेंगी। इस किताब की सभी कहानियां तुम्हारा मनोरंजन तो करेंगी ही, तुम्हें जरूरी सबक भी सिखाएंगी। इनको पढ़ते हुए तुम्हें लगेगा जैसे तुम अपने देश में प्रचलित 'पंचतंत्र' या 'हितोपदेश' की कहानियां पढ़ रहे हो। ऐसा इसलिए क्योंकि बच्चे किसी भी देश के क्यों न हों, सब एक जैसे ही होते हैं। सब बच्चों को पढ़ाई करना, खेलना, हंसना और कहानियां पढ़ना पसंद होता है। *




-विज्ञान भूषण

**किताब:** ईरानी बच्चों की कहानियां, **अनुवादक:** राजेश सरकार, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली

# सबको बांटो प्यार

बच्चों ने वैलेंटाइन-डे के मौके पर जब बाजार में एक अलग ही रौनक का माहौल देखा तो उन्होंने भी तय किया कि वे भी कुछ अलग ढंग से वैलेंटाइन-डे सेलिब्रेट करेंगे। इस मौके पर बच्चों ने जिस तरह, जिन लोगों के बीच जाकर प्यार बांटा, वह सचमुच बहुत अनोखा था।




कहानी
अलका जैन 'आराधना'

इधर कई दिनों से रोहन, सान्वी, आयुष और मिष्टी स्कूल से लौटते समय बाजार में जगह-जगह दुकानों पर दिल के आकार के गुब्बारे और रेड पैक में गिफ्ट आइटम्स सजे देख रहे थे। सान्वी उत्सुकता से बोली, 'हर जगह इस तरह दिल-दिल के आकार में रेड आइटम्स दुकानों में क्यों सजे हैं? क्या कोई फेस्टिवल आने वाला है?'

आयुष हंसते हुए बोला, 'हां, बड़ा फेस्टिवल आ रहा है- वैलेंटाइन-डे।'

रोहन कुछ गंभीर स्वर में बोला, 'फेस्टिवल तो सब अच्छे होते हैं। दिवाली पर दिये जलाते हैं, होली पर रंग खेलते हैं। लेकिन वैलेंटाइन-डे तो बच्चे नहीं मनाते हैं। यह तो बड़े मनाते हैं। हमारा वैलेंटाइन-डे से कोई लेना-देना नहीं है।'

मिष्टी गोल-गोल आंखें घुमाती हुई बोली, 'क्यों नहीं लेना-देना है? हम बच्चे भी अपने ढंग से वैलेंटाइन-डे मना सकते हैं। हमारे आस-पास बहुत से ऐसे लोग हैं, जिनसे हम प्यार पाते हैं या हम उन्हें प्यार देते हैं। हम इनके साथ वैलेंटाइन-डे मना सकते हैं। इन्हें गुलाब का फूल और कोई गिफ्ट दे सकते हैं।' चारों बच्चों ने एक-दूसरे की तरफ देखा और उत्साह से भर उठे। सान्वी खुश होकर बोली, '...तो इस बार हम भी वैलेंटाइन-डे अपने तरीके से मनाएंगे!'

आयुष हां में हां मिलाते हुए बोला, 'हां, हम ऐसे ही एक यादगार वैलेंटाइन-डे मनाएंगे, जो सबको पसंद आए।'

रोहन ने पूछा, 'लेकिन हम करेंगे क्या...'

मिष्टी ने कुछ सोचा और उछल कर बोली, 'सुनो! हम उन लोगों के लिए कुछ करेंगे, जो हर दिन हमारे लिए मेहनत करते हैं, जैसे- दूध और अखबार वाले अंकल, कॉलोनी के गार्ड अंकल और हमारे घर में काम करने वाली मेड।' सान्वी झट से बोली, 'हम अपने दादा-दादी, नाना-नानी को भी इस अवसर पर न भूलें, वे हमें कितना प्यार करते हैं, हमारा ख्याल रखते हैं। इनको भी गुलाब का फूल देकर थैंक्स बोलेंगे। साथ ही हम पास के ओल्ड एज होम के दादाजी-दादीजी के पास भी जाएंगे, ये लोग हमेशा हमें हंसाते हैं।' आयुष चहक कर बोला, 'तो तय रहा! हम वैलेंटाइन-डे पर इनके पास जाएंगे, इन्हें गुलाब का फूल देंगे, इनके लिए कुछ और भी खास करेंगे।'

अगले दिन चारों अपने-अपने गुल्लक लेकर मिष्टी के घर पहुंचे। सभी बहुत उत्साहित थे। रोहन गुल्लक रखते हुए बोला, 'यह रहा मेरा खजाना। पिछले साल से जमा कर रहा हूं।'

सान्वी बोली, 'मेरा गुल्लक चॉकलेट के पैसों का है।' आयुष ने खिलखिला कर हंसते हुए कहा, '...और ये मेरा आइसक्रीम फंड है।' मिष्टी बोली, '...और मेरी गुल्लक में दिवाली-होली के ईनाम के पैसे हैं। चलो, गिनती शुरू करें।'

सभी ने गुल्लक में जमा किए सिक्के और नोट गिनने शुरू किए। इन्हें गिनने के बाद सब एक साथ बोले, 'अरे वाह...! इतने में तो हम बहुत अच्छे से अपना काम कर सकते हैं। वैसे भी हम यह काम अपने मम्मी-पापा की परमिशन से ही कर रहे हैं। वे भी बहुत खुश हैं, हमारे इस शानदार आइडिया के बारे में जानकर। उन्होंने भी अपनी तरफ से कंट्रीब्यूट करने का वादा किया है।'

अगले दिन सभी बच्चे बाजार गए। बाजार सजावट और रौनक से भरा हुआ था। रोहन एक मग उठाते हुए बोला, 'यह दूध वाले अंकल के लिए। इस पर लिखा है, 'बेस्ट मॉर्निंग फ्रेंड।' आयुष पेन सेट दिखाते हुए बोला, 'अखबार वाले अंकल के लिए।'

सान्वी एक सुंदर स्टोल उठाते हुए बोली, 'यह कामवाली बाई के लिए। वह हमेशा कहती हैं, सादगी में ही खूबसूरती है।'

मिष्टी एक टॉर्च उठाते हुए बोली, 'गार्ड अंकल के लिए... वह रातभर ड्यूटी करते हैं, ताकि हमारे घर सेफ रहें।'

इसके अलावा बच्चों ने ओल्ड एज होम के दादाजी-दादीजी के लिए गर्म शॉल खरीदा। सबसे बाद में बच्चों ने ढेर सारे गुलाब के फूल भी खरीदे।

वैलेंटाइन-डे की सुबह बच्चे गिफ्ट और गुलाब के फूल लेकर सबके घर गए। सबने उन्हें धन्यवाद दिया और बहुत खुश हुए, क्योंकि उनके बारे में लोग ज्यादा कुछ सोचते नहीं हैं।

शाम को बच्चे ओल्ड एज होम के दादाजी-दादीजी को गिफ्ट देने पहुंचे। मिष्टी और दूसरे बच्चों ने दादाजी-दादीजी के पांव छूकर कहा, 'दादाजी, दादीजी, यह आपके लिए और साथ में हमारे हाथ से बना यह कार्ड। बच्चों ने दादाजी-दादीजी के साथ केक काटा और सबने मिलकर खूब मस्ती की।'

घर लौटते हुए चारों बच्चे बहुत खुश थे। उन्होंने सबके साथ प्यार बांटकर वैलेंटाइन-डे जो अनोखे तरीके से मनाया था। *

कविता
फहीम अहमद



## डाकिया अंकल

अहा, डाकिया अंकल आए
लेकर चिट्ठी और किताब।।
घर-घर में चिट्ठी पहुंचाना
है अंकल का प्यारा पेशा।
ले आते पापा की खातिर,
जब-तब खुशी भरा संदेशा।
पढ़ते ही पापा का मुखड़ा
लगता जैसे खिला गुलाब।।
कंधे पर लटकाए थैला,
चेहरे पर मुस्कान अनूठी।
सर्दी, गर्मी हो या बारिश
नहीं भूलते अपनी ड्यूटी।
दरवाजे पर दस्तक देकर,
करते राम-राम, आदाब।।
गली, मुहल्ले के हर घर से,
उनकी है पहचान पुरानी।
थैले में भर ले आते हैं,
हर दिन कोई नई कहानी।
खूब दुआएं पाते हैं वे,
जिसका कोई नहीं हिसाब।।

## जीके क्विज-141

1. अभी हाल ही में घोषित दिल्ली विधान सभा चुनाव परिणामों में किस राजनीतिक दल को बहुमत प्राप्त हुआ है?
2. किस क्रिकेट खिलाड़ी ने पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया?
3. अमेरिका के बाद किस देश ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अलग होने की घोषणा की है?
4. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
5. महावीर स्वामी का मूल नाम क्या था?
6. स्वतंत्र भारत के प्रथम कृषि मंत्री कौन थे?
7. कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
8. जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
9. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
10. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?




बच्चों, जीके क्विज-140 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-140 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.डिब्रूगढ़, 3.लद्दाख और जम्मू कश्मीर, 4.निर्मला सीतारमण, 5.ऑस्मियम, 6.वुलर झील, 7.किडनी, 8.स्कॉटलैंड, 9.मैलिक एसिड, 10.ग्रीनलैंड

**जीके क्विज-140 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, श्वेता-बिलासपुर, रमेश-कोरबा, ज्योति-रायगढ़, गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, खुशबू-दुर्ग, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, काम्या-महासमुंद

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इनमें सात अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर बताओ।



## एक जैसे दो चित्र ढूंढ़ों

बच्चों, यहां कई बच्चों के चित्र दिए गए हैं। इनमें से दो चित्र बिल्कुल एक जैसे हैं। बाकी चित्रों में कोई-न-कोई अंतर जरूर है। तुम एक जैसे दिखने वाले दो चित्रों को पहचान कर, उसको पेंसिल से गोलाकार घेर दो।



## खबर संक्षेप

### छात्रों की सफलता के लिए आयोजित किया हवन

**सोनीपत।** आर्यवीर दल सोनीपत द्वारा वीरवार को शासकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्राम जौली में विद्यार्थियों की सफलता की कामना के लिए हवन का आयोजन किया। यज्ञ के ब्रह्मा करण आर्य ने छात्रों को यज्ञ के महत्व के विषय में बताया। महर्षि दयानंद सर्वहितकारी समिति के सदस्य राजेन्द्र सिंह आर्य ने पूर्ण पुरुषार्थ के साथ ईश्वर से प्रार्थना करने के लिए कहा।

### सम्मान समारोह का आयोजन किया

**सोनीपत।** रोटरी क्लब मिडटाउन सोनीपत ने अपने सदस्यों के माता-पिता के सम्मान में एक विशेष आयोजन किया, जिसमें उनकी अमूल्य भूमिका और योगदान को श्रद्धा भाव से सराहा गया। यह कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया, जिसमें माता-पिता के प्रेम, त्याग और मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया गया और आशीर्वाद लिया गया। समारोह में कुल 25 माता-पिता (दंपति) को शॉल ओढ़ाकर और फूलों की वर्षा के साथ सम्मानित किया गया।

### नशा न करने के बारे में किया जागरूक

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में एनएसएस की यूनिट 1 व 2 द्वारा लगाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के छठे दिन गांव महलाना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव महलाना में साइकलिस्ट अरुण मलिक द्वारा स्वयंसेविकाओं को साइकिल चलाने व नशा ना करने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने स्वयंसेविकाओ को अपने आप को नशे से दूर रहने के तरीके बताए।

### बागडू में स्वयंसेवकों ने लगाया एकदिवसीय कैंप

**सोनीपत।** छोटूराम आर्य कालेज सोनीपत के एनएसएस स्वयंसेवकों ने सोनीपत के बागडू गांव में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने गांव की गलियों व चौपालों में प्रभातफेरी निकाली। जिसमें गांव के नागरिकों को जागरूक करते हुए नशा मुक्ति अभियान, ट्रैफिक नियमों का पालन करना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, जन-जन का यही संदेश-नशा मुक्त हो भारत देश आदि नारे लगाते गांव के लोगों को जागरूक किया।

### महर्षि दयानंद सरस्वती व संत रविदास को किया याद

**गोहाना।** महर्षि दयानंद सरस्वती और गुरु रविदास को उनकी जयंतियों पर याद किया गया। समारोह शहीद नंबरदार समिति द्वारा आयोजित किया गया। समिति द्वारा हवन करके दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि दी। शहीद नंबरदार समिति द्वारा महर्षि दयानंद एवं गुरु रविदास की जयंती मनाई गई। समिति के सदस्यों ने वैदिक रिति-रिवाज से हवन करके आहुतियां डालते हुए दोनों महान विभूतियों को याद किया गया।

### गुरु रविदास ने समाज को नई दिशा दी : सिंह

**गोहाना।** ग्राम सुधार समिति खन्दराई द्वारा गुरुवार को समिति कार्यालय में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती मनाई गई। समारोह में समिति के सदस्यों ने संत शिरोमणि के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। समिति के संस्थापक अध्यक्ष जगमहेन्द्र सिंह ने कहा कि गुरु रविदास एक सच्चे समाज सुधारक थे। मनीराम, महेंद्र मान, गोलू व मुकेश मौजदू थे।

### कर्मचारी एकता मंच के बैनर तले ठेका सफाई कर्मचारियों ने की बैठक

# बीवी-बच्चों के साथ निगम के गेट पर ताला जड़ने का ऐलान

### 3 महीने के वेतन को लेकर दो बार मुख्यमंत्री के आवास पर ज्ञापन दे चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच ने सारंग रोड नजदीक रेलवे स्टेशन पार्क में ठेका सफाई कर्मचारियों की जरनल बॉडी मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की व संचालन सचिव सावन कुमार ने किया। मीटिंग में प्रधान मुकेश टांक ने बताया कि सफाई कर्मचारियों के 3 महीने के वेतन को लेकर दो बार चण्डीगढ़ मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के आवास पर जाकर ज्ञापन दे चुके हैं और सोनीपत विधायक निखिल मदान व हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बडौली को भी ज्ञापन दे चुके हैं। सोनीपत प्रशाशन, नगर निगम, डीसी को भी बार-बार ज्ञापन देने से भी कर्मचारियों की सैलरी का कोई भी समाधान नहीं किया गया। मुख्यमंत्री आवास पर 10 फरवरी को प्रधान मुकेश टांक से भी ओएसडी राकेश संधू ने सैलरी समाधान का आश्वासन दिया। आप ठेकेदार की अप्रूवल पास कराना चाहते हो। इस पर मुकेश टांक ने कहा कि आप ठेका प्रथा बंद करके सभी कर्मचारीयों को महकमे के पेरोल पर ले लो तो जवाब मिला कि सरकार आपके लिए कोई योजना बना रही। ये सब बाते कर्मचारियों को बताते हुए ये भी कहा कि नगर निगम ज्वाइंट कमिश्नर नरेश कुमार कर्मचारियों को बार बार झूठे वादे कर रहे हैं और अपने वादों से हर बार मुकर जाते हैं।

नगर निगम अधिकारियों की ऐसी नीति से सभी कर्मचारियों में काफी रोष है कर्मचारी कुछ भी कर गुजरने को लेकर तैयार हैं। ईकाई प्रधान भारत कंडेरा ने भी इन बातों का समर्थन करते हुए कहा कि अगर हमारी सैलरी की समस्या का जल्द ही कोई समाधान नहीं किया गया तो सब कर्मचारी बीवी-बच्चों सहित वापिस नगर निगम गेट को ताला लगाने को मजबूर हो जाएंगे। इस मुद्दे पर यूनियन के सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई। आज की जरनल बॉडी मीटिंग में मुकेश कर्मा, अनिल, युधिष्ठिर, प्रवीण, बलजीत, रितेश, प्रवीण, राकेश, दीपक, माया, पिंकी, उषा, अंजू, रेखा, प्रमिला आदि मौजूद रहे।


सोनीपत। मीटिंग करते ठेका सफाई कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि


सोनीपत। बैठक करते संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो :हरिभूमि

### कर्मचारी 15 को पहुंचेंगे कुरुक्षेत्र : चहल

सोनीपत। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया, सोनीपत की जिला कमेटी की एक टीम राज्य सचिव जोगेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रधान नरेंद्र चहल के साथ जिला प्रेस प्रवक्ता दिनेश छिक्कारा पूर्व उपप्रधान संजय सिंहमार ने विभिन्न स्कूलों का दौरा किया। सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर कर्मचारियों की लंबित मांगों वह समस्याओं के लिए पक्ष विपक्ष सभी विधायकों को अपना 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपने के बाद भी सरकार द्वारा कर्मचारियों की मांगों की और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा इसी कड़ी में आंदोलन को तेज करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय कुरुक्षेत्र पर धरना देने का निश्चय किया है जो 15 व 16 फरवरी को किया जाएगा। इसी के लिए इस टीम ने स्कूलों में जाकर अध्यापकों को इस आंदोलन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा आमंत्रित किया जिला कमेटी ने आज बख्तावरपुर, जाट जोशी, गढ़ी घसीटा व अन्य कई स्कूलों का दौरा करने के उपरांत बताया कि जिले की ओर से सैकड़ो कर्मचारी कुरुक्षेत्र कैंप कार्यालय प्रदर्शन में 15 फरवरी को भाग लेंगे।


गोहाना। सरकार से अपनी मांगें पूरी करवाने की मांग करते कर्मचारी।

## कर्मचारियों ने अपनी मांगें पूरी करने की मांग उठाई

- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी कार्यालय में कर्मचारियों ने बैठक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में जींद रोड स्थित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी कार्यालय में गुरुवार को ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी0 मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की गोहाना शाखा की बैठक बुलाई गई। बैठक के बाद कर्मचारियों ने एक्सईएन को मांगपत्र सौंपा। बैठक की अध्यक्षता संगठन के चेयरमैन व प्रांतीय प्रैस सचिव सुभाष भट्टी ने की। संयोजन संगठन अध्यक्ष दिलराज मलिक का रहा।

बैठक का उद्देश्य कौशल कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को पूरा करवाने को लेकर मंथन किया गया। विशेष मुद्दा वर्षों से लगे हुए कच्चे कर्मचारियों का एक्सपीरियंस पोर्टल पर चढ़वाना रहा। कर्मचारियों ने सरकार से नियमित कर्मचारियों को वाशिंग सोप, मेडीकल बिलों का भुगतान, टर्म एप्वाइंटमेंट के कर्मचारियों को डांगरी, जूते, रेन कोट की राशि उपलब्ध करवाना, विभिन्न जलघरों पर कुर्सियां उपलब्ध करवाने, जलघरों, बूस्टरों पर शौचालय निर्माण, कौशल कर्मचारियों के ईएसआई मेडिकल कार्ड बनवाने और पीएफ खातों से वंचित कर्मचारियों के खाते खुलवाने सहित अन्य मांगें पूरी करने की मांग की। बैठक में सुनील धनखड़, कुलदीप सिंह मोर, बिजेंद्र मलिक, सुरेन्द्र व गीतेश रोहिल्ला सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### बुधु भगत को उनके शहीदी दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**गोहाना।** पुरानी सब्जी मंडी गोहाना के समीप शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में गुरुवार को बुधु भगत के शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने बुधु भगत के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा आजादी की लड़ाई से काफी पहले 1820 से ही वीर बुधु भगत ने अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान आंदोलन शुरू कर दिया था। उनके नाम से अंग्रेज थर-थर कांपते थे। उनका खौफ ऐसा था की 1931-32 में अंग्रेजों ने उनका सिर काटने वाले को 1 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की थी। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता पार्क सुधार सभा के पूर्व अध्यक्ष रमेश मेहता ने की।

### हरियाणा नेटबॉल मिक्सड टीम ने फाइनल में किया प्रवेश

**खरखौदा।** हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबीता ने बताया कि 11 व 12 फरवरी को देहरादून में खेले जा रहे 38 वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा नेटबॉल मिक्स की टीम ने फाइनल में प्रवेश किया है। हरियाणा नेटबॉल मिक्सड की टीम का प्रथम मैच हरियाणा व छत्तीसगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें हरियाणा टीम ने 32-33 अंकों के अंतर से हार का सामना किया व दूसरा मैच हरियाणा व दिल्ली की टीम के बीच खेला गया। जिसमें हरियाणा की टीम ने 39-30 अंकों के अंतर से जीत हासिल की। तीसरा मैच हरियाणा व पांडिचेरी के टीम के बीच खेला गया। जिसमें हरियाणा की टीम ने 36-25 अंकों के अंतर से जीत हासिल की। वहीं चौथा मैच व सेमी फाइनल हरियाणा व तेलंगाना की टीम के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा की टीम ने 38-23 अंकों के अंतर से जीत हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। हरियाणा नेटबॉल की मिक्सड टीम की उपलब्धि पर हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबीता ने टीम कोच, मैनेजर व खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि हरियाणा नेटबॉल की टीम इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक लेकर ही लौटेगी।


खरखौदा। फाइनल में पहुंचने वाली हरियाणा नेटबॉल की मिक्सड टीम।


गन्नौर। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय मनबीर सिंह छात्रों को सम्मानित करते हुए।

### राज्य स्तरीय रोड सेफ्टी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले तीन विद्यार्थियों को किया सम्मानित

गन्नौर। पंचकूला में 11 फरवरी को आयोजित राज्य स्तरीय रोड सेफ्टी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर श्री राम कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिगान के तीन छात्रों ने पुलिस उपायुक्त मुख्यालय मनबीर सिंह सम्मनित किया। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय मनबीर सिंह ने कक्षा पांचवी के पारस, शिवांशी और कक्षा चौथी की छात्रा प्रकृति इक्का को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सहायक पुलिस आयुक्त ट्रैफिक राहुल देव, ट्रैफिक थाना प्रबंधक निरीक्षक कर्मबीर सिंह व स्कूल के प्राचार्य नीरज त्यागी उपस्थित रहे।

## छात्रा दीया राजपाल ने जेई मेन्स एग्जाम में बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

प्रयास इंटरनेशनल स्कूल की बाहरवी कक्षा की छात्रा ने हाल ही में घोषित जेईई मेंस के एग्जाम में विज्ञान वर्ग की छात्रा दीया राजपाल ने 98.3 प्रतिशत अंक लेकर मेन्स एग्जाम में बेहतर स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है । इस उपलब्धि पर स्कूल के निदेशक अमित बत्रा ने बधाई देते हुए कहा कि हम उनकी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्टता की भावना को सलाम करते हैं। उनकी सफलता न केवल हमारे स्कूल के लिए, बल्कि पूरे समुदाय के लिए गर्व की बात है। कुमारी दिया राजपाल की सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, उनके शिक्षकों का मार्गदर्शन और उनके परिवार का समर्थन रहा है। अपनी इस उपलब्धि के माध्यम से दिया ने अपनी अतुलनीय प्रतिभा का परिचय दिया है। स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र छाबड़ा व उप प्रधानाचार्या दीपमाला ने पुष्पगुच्छ एवं पारितोषिक देकर कुमारी दिया को सम्मानित भी किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि हमें विश्वास है कि दिया राजपाल की सफलता हमारे अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और उन्हें भी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी।



दिशक अमित बत्रा मेधावी छात्र का सम्मान करते हुए ।

## समूह लोक नृत्य बना आकर्षण का केंद्र

- छात्र विवेक को मिस्टर ग्लोबल और छात्रा दीपांशु को मिस ग्लोबल का खिताब मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

खानपुर कलां गांव में गोहाना मार्ग स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल में गुरुवार को कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से खूब समां बांधा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हरियाणवी समूह लोक नृत्य ने दर्शकों के मन को सबसे अधिक लुभाया और माहौल को खुशनुमा बना दिया। विदाई समारोह को आशीर्वाद स्वरूप स्वस्ति नाम दिया। समारोह के लिए मार्गदर्शन स्कूल के एमडी पंकज जाले का रहा। अध्यक्षता प्राचार्या प्रीति शर्मा ने की और संयोजन ग्लोबल किड्स कॉसल की प्रभारी नेहा जाले का रहा।

उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छात्र विवेक को मिस्टर ग्लोबल और छात्रा दीपांशु को मिस ग्लोबल का खिताब मिला। बादल को मिस्टर एमीएबल और अन्नु को मिस एमीएबल, ईशान को मिस्टर वर्सेटाइल और साक्षी को मिस वर्सेटाइल, अक्षित व तनिष्क को मिस्टर डिसिप्लिन और वंशिका व अशिंका को मिस डिसिप्लिन का खिताब मिला। आयुष व आर्यन को मिस्टर स्टुडियस, तनिष्का व अन्नु को मिस स्टुडियस का खिताब दिया गया। हिमांशु व महक को मिस्टर व मिस पंक्चुअल का खिताब मिला।



समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ।

### वित्तीय सशक्तिकरण विषय पर किया जागरूक

**सोनीपत।** निवेश के माध्यम से वित्तीय सशक्तिकरण विषय पर जीवीएम गर्ल्ज कालेज में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को वित्तीय साक्षरता का पाठ पढ़ाया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए निवेश करने के लिए जागरूकता के साथ पूर्ण जानकारी हासिल करने पर बल दिया। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के संयोजन में गठित फाइनेंशियल स्टेबिलिटी एंड डेवल्पमेंट काउंसिल स्टैंडिंग कमेटी के अंतर्गत आयोजित निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ आमंत्रित वक्ता एएमएफआई के सीनियर कंसलटेंट एवं सेबी के पूर्व डीजीएम सूर्यकांत शर्मा व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। प्राचार्या ने उनका अभिनंदन किया तथा उप-प्राचार्या डा. सुमन नासा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में 185 छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिनके साथ मुख्य वक्ता ने वित्तीय साक्षरता के साथ सुनियोजित ढंग से निवेश करने पर गंभीर मंथन किया। इस मौके पर उप-प्राचार्या एवं वाणिज्य विभाग की डीन डा. सुमन नासा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में समन्वय स्थापना के लिए डा. निशा खुराना का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। डा. आशा चावला, डा. पूजा गुलाटी आदि मौजूद रहे।


सोनीपत। प्रतिभागी छात्राओं के साथ प्राचार्या, स्टाफ एवं अतिथिगण।


गोहाना। कार्यशाला को सम्बोधित करते डॉ. प्रमोद मलिक। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षण शोध कार्य पेटेंट करवाना जरूरी : डॉ. प्रमोद

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ व बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रकोष्ठ द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पेटेंट कॉपी राइट्स एवं डिजाइन ट्रेड मार्क विषय पर आधारित इस कार्यशाला की अध्यक्षता आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. अशोक वर्मा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. प्रमोद मलिक ने कहा कि नए शोध व नए काम का पेटेंट कराने से संपत्ति सुरक्षित रहती है और आर्थिक लाभ मिलता है। शैक्षणिक संस्थान में शिक्षण शोध कार्य पेटेंट करवाना चाहिए। इससे न केवल संस्थान को विश्व पटल पर पहचान मिलती है अपितु आर्थिक संसाधनों में भी वृद्धि होती है। उन्होंने शोधार्थियों के लिए 2018 के प्लेगिरिसम निरोधक अधिनियम पर भी प्रकाश डाला। अपने सन्देश में महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि पेटेंट करवाने से हमारा शोध कार्य सुरक्षित होता है। पेटेंट के प्रति जागरूकता जरूरी है। वे बोली कि प्रतिभा की कमी नहीं है, कमी है, उसे सामने लाने की और जागरूकता की। इस तरह के आयोजन शिक्षकों व शोधार्थियों के लिए निश्चित ही लाभदायक रहने वाले हैं। एक दिवसीय कार्यशाला में 54 प्रतिभागियों ने भाग लिया।


सोनीपत। जिला स्तरीय बाल महोत्सव के विजेता रहे विद्यार्थी।

### विजेताओं को किया सम्मानित

**सोनीपत।** जिला स्तरीय बाल महोत्सव में साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। महोत्सव की ग्रुप डांस स्पर्धा में स्कूल की टीम विजेता बनी तो थाली पूजन में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं रंगोली में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर लौटे खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर अभिनंदन किया गया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने विजेता रहे विद्यार्थियों का स्वागत किया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन सिंह खत्री ने बताया कि जिला स्तरीय बाल महोत्सव का आयोजन 15 से 25 अक्तूबर 2024 को किया गया था। जिसमें साउथ पॉइंट स्कूल से भी विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया था। महोत्सव में विजेता रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने के लिए 11 फरवरी को दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिला बाल कल्याण परिषद की तरफ से आयोजित समारोह में विजेता रहे विद्यार्थियों को बतौर मुख्यातिथि पहुंची हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव डॉ. सुषमा गुप्ता ने पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसमें समूह नृत्य में स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**कार्यक्रम** गांव लड़सौली में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे पूर्व डिप्टी सीएम

# हरियाणा में जजपा नया संगठन खड़ा करने की तैयारी में, फीडबैक लिया जा रहा : दुष्यंत चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यन्त चौटाला ने कहा है कि उनकी पार्टी का हर कार्यकर्ता स्वर्गीय चौ. देवीलाल की नीतियों में विश्वास रखता है और गरीब, मजदूर, कमेरा वर्ग सहित आम आदमी के हित में काम करना चाहता है। उनकी पार्टी जल्द ही हरियाणा में अपना नया संगठन खड़ा करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए जमीनी स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया जा रहा है। उन्होंने इस दौरान पार्टी संगठन की मजबूती पर बल दिया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि वह पार्टी की नीतियां जन-जन तक पहुंचाने का काम करे। जजपा की नीतियां स्वर्गीय चौ. देवीलाल की नीतियों को आगे बढ़ाने वाली है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से यह भी कहा कि वह हतोत्साहित न हो आने वाला समय जजपा का है। वह समय अब कतई दूर नहीं है जब जजपा एक बार फिर से प्रदेश की जनता के दिलों पर राज करने वाली है। हमारी लड़ाई गरीब, मजदूर, किसान और कमेरा वर्ग को उनका अधिकार दिलाने की है जोकि जारी रहेगी। विपक्षी पार्टियों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दूसरी पार्टियों की नीतियां केवल अपना भला करने की है जबकि जजपा की नीतियां किसान और गरीब का भला करने वाली है। आज भी किसान को उसकी मेहनत का फल नहीं मिल रहा है। भाजपा की प्रदेश और केन्द्र की सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी। लेकिन किसान की आय दोगुनी होना तो दूर की बात उसे उसकी मेहनत का आधा फल भी नहीं मिल पा रहा है। उइस मौके पर मौजूद थे। जजपा नेता अनिल त्यागी, राजसिंह नांदल, सुमित राणा, देवेन्द्र कादियान पानीपत, सरपंच प्रतिनिधि प्रियव्रत मोर, पूर्व सरपंच प्रदीप, सुमित अत्री, धर्म सिंह, राहुल आंतिल मौजूद रहे।


पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यन्त चौटाला का लड़सौली गांव में स्वागत करते हुए।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मातण्ड की पंचायती भूमि में खड़े 304 सफेदे व 2 कीकर के कुल 306 वृक्षों को कटवाने हेतू व कंडम लोहे की बोली दिनांक 28.02.2025 को प्रातः 11:00 बजे सूरा चौपाल में की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए सरपंच ग्राम पंचायत मातण्ड से सम्र्पक कर सकते हैं।
मो. नं. 9416823426

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत मातण्ड
ब्लॉक मुण्डलाना, गोहाना
(सोनीपत)

# मेट्रो की बाधाओं को समय से दूर करें जिससे कार्य समय पर पूरा हो : ढेसी

- नरेला से कुंडली-नाथूपुर तक प्रस्तावित दिल्ली मेट्रो के विस्तार को लेकर उच्चस्तरीय बैठक
- डीएस ढेसी ने दिए निर्देश, बनाई जाएगी कमेटी, साइट का दौरा कर 23 फरवरी से पहले देनी होगी रिपोर्ट
- कुंडली व नाथूपुर में बनाए जाएंगे मेट्रो स्टेशन, जिससे यात्रियों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत की बरसों पुरानी मांग मेट्रो को लेकर काम शुरू हो गया है। दिल्ली के नरेला से कुंडली-नाथूपुर तक प्रस्तावित दिल्ली मेट्रो के विस्तार के संदर्भ में वीरवार को अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्रधान सलाहाकार डीएस ढेसी ने की। बैठक में रिठाला-नरेला-नाथूपुर मेट्रो विस्तार को लेकर कई फैसले लिये गए हैं। मेट्रो कनेक्टिविटी को लेकर कमेटी गठन करने के निर्देश देते हुए अधिकारियों को साइट का दौरा कर 23 फरवरी से पहले रिपोर्ट सौंपने के लिये कहा गया है। बता दें कि नरेला से सोनीपत तक भी 2.72 किलोमीटर मेट्रो का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए कुंडली व नाथूपुर में मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। इससे सोनीपत से दिल्ली आवागमन करने वाले यात्रियों को ज्यादा लाभ मिल सकेगा। सोनीपत से दिल्ली जाने वाले लोगों की सुविधा के लिए रिठाला से जिला में हो रहे मेट्रो के विस्तार को लेकर प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने लघु सचिवालय में हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एचएमआरटीसी), दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। डीएस ढेसी ने बताया कि रिठाला-नरेला से सोनीपत में मेट्रो का 2.72 किलोमीटर का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए कुंडली व नाथूपुर में मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे, ताकि सोनीपत से दिल्ली जाने वाले लोगों को इस सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने रिठाला-नाथूपुर मेट्रो के लिए बाधाएं दूर करने को लेकर मंथन करते हुए डीएमआरसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मेट्रो परियोजना के लिए जो डीपीआर बनाई है, अगर उसमें कोई निजी या सरकारी जमीन अधिग्रहण करवानी है तो इसकी रिपोर्ट एचएमआरटीसी को सौंपे। अगर कहीं पर सड़क, बिजली के खंभों या पेड़ों को हटाना है तो इसकी भी रिपोर्ट एचएमआरटीसी को सौंपे, ताकि इन बाधाओं को समय से दूर किया जा सके और मेट्रो का कार्य समय पर पूरा हो सके। बैठक में रोहतक उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा, एचएमआरटीसी के सलाहकार एसडी शर्मा, नगर निगम के आयुक्त हर्षित कुमार, एसडीएम सुभाष चंद्र, डीएमआरसी से डीएम राजशेखर, डीटीपी अजमेर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



सोनीपत। बैठक के दौरान प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी एवं अन्य अधिकारीगण।

### अधिकारियों की कमेटी गठित करने के निर्देश

प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने नाथूपुर में प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन से कनेक्टिविटी को लेकर एचएमआरटीसी के अधिकारियों, नगर निगम आयुक्त, एसडीएम की सदस्यता में कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कमेटी को जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ 23 फरवरी से पहले साइट का दौरा कर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। जिससे सोनीपत शहर से नाथूपुर में बनने वाले मेट्रो स्टेशन की कनेक्टिविटी से लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## खबर संक्षेप



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### विदाई समारोह में छात्रों ने प्रस्तुत किए नृत्य और गीत

**सोनीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी ब्राह्मणान में वीरवार को कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में छात्रों ने नृत्य और गीतों के माध्यम से कार्यक्रम को मनोरंजक बना दिया। प्राचार्य अतुल खट्टर ने आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए 12वीं के छात्रों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मंच का संचालन डॉ. सुमन लता और मीना ने किया। कार्यक्रम में मिस्टर और मिस फेयरवेल भी चुना गया।

### स्वास्थ्य जांच शिविर 16 को लगाया जाएगा

**सोनीपत।** पूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी, सोनीपत के तत्वाधान में मुफ्त मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। अध्यक्ष सत्यपाल काजला ने बताया कि 16 फरवरी को लघु सचिवालय के पास प्राचीन हनुमान मंदिर में सुबह 10 से 2 बजे तक शिविर लगाया जाएगा जिसमें निदान हस्पताल की टीम जांच व इलाज के लिए उचित परामर्श देगी।

# आरआरटीएस : डीपीआर मंजूर, अब अंतिम स्वीकृति का हो रहा इंतजार

- दिल्ली-पानीपत-करनाल को जोड़ेगा रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस)
- दिल्ली में भाजपा की जीत के बाद आसान हो गया है आरआरटीएस का धरातल पर उतरने का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

दिल्ली को जीटी रोड के साथ-साथ सोनीपत, पानीपत और करनाल से जोड़ने वाले प्रोजेक्ट रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) का काम जल्द शुरू हो सकता है। दिल्ली में भाजपा की जीत के बाद से आरआरटीएस को धरातल पर लाने का रास्ता और भी आसान हो गया है। क्योंकि भाजपा ने दिल्ली चुनावों में अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट किया था कि वे आरआरटीएस का विस्तार करेंगे। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि जैसे ही दिल्ली में भाजपा की सरकार काम करना शुरू करेगी, वैसे ही आरआरटीएस को लेकर भी काम शुरू हो जाएगा। बता दें कि नेशनल हाइवे 44 (जीटी रोड) के साथ-साथ एक रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम का प्रोजेक्ट बरसों से धरातल पर उतरने का इंतजार कर रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत जीटी रोड के साथ साथ हाईस्पीड रेल के जरिय करनाल को दिल्ली से कनेक्ट किया जाना है। सरकारों के स्तर पर तो इस प्रोजेक्ट की डीपीआर तो पहले ही मंजूर हो चुकी है, अब बस अंतिम स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है। इस परियोजना को तेज़ी से आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसका उद्देश्य दिल्ली और हरियाणा के बीच कनेक्टिविटी को मज़बूत करना है।

### दिल्ली चुनावों में घोषणा पत्र में किया था वादा

भाजपा ने हाल ही में दिल्ली चुनावों में जो घोषणापत्र जारी किया था। इसमें में फेज 1 में प्रस्तावित दोनों आरआरटीएस कॉरिडोर को तेज़ी से पूरा करने का वादा किया था। जिसमें दिल्ली-गुरुग्राम-अलवर और दिल्ली-पानीपत-कर्नाल लाइन शामिल हैं। इसके अलावा, वाणिज्य मंत्रालय ने भी दिल्ली-पानीपत-कर्नाल कॉरिडोर को पीएम गति शक्ति योजना के तहत चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक के रूप में समीक्षा की है।

### 6 साल में पूरा होगा निर्माण कार्य

सरकार से मंजूरी मिलने के बाद निर्माण कार्य में लगभग 6 साल लगेंगे, जो दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ को जोड़ने वाली पहली आरआरटीएस लाइन की समय-सीमा पर आधारित है। अगला कदम भूमि अधिग्रहण का होगा, हालांकि अधिकांश रूट सरकारी जमीन पर है, जिससे देरी की संभावना कम होगी।

### 21 स्टेशनों के साथ 136 किलोमीटर लंबी लाइन


यह कॉरिडोर 136 किलोमीटर लंबा होगा और इसमें 21 स्टेशन होंगे, जो दिल्ली के सराय काले खां से शुरू होकर करनाल के नए आईएसबीटी तक जाएंगे। इस परियोजना से दिल्ली और करनाल के बीच यात्रा का समय आधा हो जाएगा, जो फिलहाल 180 मिनट है और इसे घटाकर 90 मिनट किया जाएगा। यह लाइन दिल्ली को एनसीआर और हरियाणा के प्रमुख शहरी केंद्रों से जोड़ेगी, जिसे 2032 की फंक्शनल ट्रांसपोर्ट प्लान में भी प्रमुखता से चिन्हित किया गया था।



गोहाना। खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर खेलोत्सव का शुभारंभ करते शिक्षकगण।

### खिलाड़ी वंदना और प्रवेश ने लगाई सबसे ऊंची छलांग

**गोहाना।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय गढ़ी सराय नामदार खां में गुरुवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलोत्सव का शुभारंभ हो गया। खेलों का शुभारंभ विद्यालय के मुख्य अध्यापक रविन्द्र मलिक ने हरी झंडी दिखाकर किया। खेलोत्सव के पहले दिन छात्र और छात्राओं की लंबी और ऊंची कूद प्रतियोगिताएं करवाई गई। छात्राओं की लंबी कूद में कक्षा 8वीं छात्रा वंदना प्रथम, ईशिका द्वितीय और पूजा तृतीय स्थान पर रही। छात्र वर्ग में कक्षा 8वीं के प्रवेश अव्वल रहे। जतिन और प्रिंस क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद में छात्रा वर्ग में कक्षा 8वीं की लक्ष्मी प्रथम, कक्षा 7वीं की खुशी द्वितीय और कक्षा 8वीं की सोनिया तृतीय स्थान पर रही। छात्र वर्ग में कक्षा छठी के हिमांशु, कक्षा 8वीं के जतिन और प्रवेश क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। डीपीई लक्ष्मण, सतीश, मंजू, मनीषा, कपिल शर्मा, सुनील लाठर, तीजो देवी, सुनील भावा, सतपाल, दलबीर दांगी और नरेश ने विजेताओं को अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



खरखौदा। प्रताप स्कूल के पदक विजेता वुशु खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### नेशनल गेम्स उत्तराखण्ड में वुशु खिलाड़ियों ने जीते 12 पदक

**खरखौदा।** 38वें नेशनल गेम्स उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें वुशु खेल में प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने 2 गोल्ड, 4 सिल्वर व 6 ब्राँज मैडल सहित कुल 12 पदक लेकर न केवल अपने स्कूल का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे प्रदेश का गर्व बढ़ाया है। पदक विजेता खिलाड़ियों में नवीन 85 किग्रा व अर्पणा 48 ने गोल्ड मैडल, दीपिका 56, शुभम 70, इशु 80 व नितेश 90 ने सिल्वर मैडल, अनुज 52, अमित राठी 65, योगेश 80, रोहित 85, रोहित डागर 90 व हरबीर 90 ने ब्राँज मैडल प्राप्त किया। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया खेल निदेशक प्रताप स्कूल ने बताया कि वुशु के खिलाड़ी अब तक इंटरनेशनल लेवल पर 22 व नेशनल लेवल पर 248 पदक प्राप्त कर चुके हैं।



खरखौदा। जब्त शराब को नष्ट कराते प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### 15 मामलों में जब्त शराब को किया नष्ट

**खरखौदा।** पुलिस थाना में बृहस्पतिवार को विभिन्न मुकदमों में जब्त की गई शराब को नष्ट किया गया। यह कार्रवाई पहले से गठित कमेटी के सदस्य एसीपी जीत बेनीवाल, नायब तहसीलदार अशोक कुमार व आबकारी निरीक्षक अभिमन्यु की मौजूदगी में की गई। पुलिस की तरफ से पहले भी खरखौदा थाने में दर्ज मुकदमों की शराब की भारी खेप को नष्ट किया गया है। इस बार भी पुलिस की तरफ से करीब 15 मुकदमों की शराब को नष्ट करने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। एससीपी, नायब तहसीलदार व आबकारी विभाग के निरीक्षक मौजूद रहे।

# माता वाली गली बदहाली की शिकार, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

ब्राह्मण दरवाजे के पास माता वाली गली इन दिनों बदहाली का शिकार है। दरअसल यहां पर पहले पेयजल लाइन दबाई गई थी, जिससे गली की दशा बिगड़ गई। वर्णित गली की मरम्मत नहीं की गई। जिसके कारण गली में गंदा पानी जमा रहता था।

कृष्णा, गीता, सुनीता, अनीता, कृष्णा चमेली आदि का कहना है कि बार बार शिकायत के बाद भी जब नगरपालिका ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया तो उन्होंने अपने खर्च पर गली में डस्ट डलवा दी, ताकि गंदे पानी से छुटकारा मिल सके। परिणामस्वरूप गंदे पानी से तो छुटकारा मिल गया, लेकिन रास्ता इतना संकरा और उबड़-खाबड़ हो गया कि वहां से बच्चे व बुजुर्ग ही नहीं आम राहगीर को भी परेशानी हो रही है। भुक्तभोगी महिलाओं ने एकत्रित होकर नगरपालिका के खिलाफ प्रदर्शन किया और गली निर्माण की मांग की। उनका कहना है कि काफी समय पहले बताया गया था कि टेंडर पास हो गए हैं। लेकिन अभी तक माता वाली गली का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है।

कई बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चे मंदिर व स्कूल जाते समय गिरकर घायल हो चुके हैं। कई अन्य राहगीर भी चोटिल हो चुके हैं। इस विषय में एसडीएम डा. निर्मल नागर से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि इस बारे में जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। चुनाव से पहले पहले इस गली का निर्माण कार्य कराने के निर्देश भी जारी कर दिए गए है।



खरखौदा। गली में उबड़ खाबड़ रास्ते की जानकारी देती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

